कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 12.11.2024

विषयः- **महिला से छेड़खानी के आरोप में थाना लंका पर मुकदमा दर्ज करते हुए घटना में शामिल आरोपीगणों को लंका पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में पीड़िता द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना लंका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपीगण की पहचान सुनिश्चित करते हुए घटना में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 11.11.2024 की रात्रि पीड़िता द्वारा छेड़छाड़ के सम्बन्ध में अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एक शिकायत प्रस्तुत किया गया जिसके क्रम में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना में शामिल आरोपियों की पहचान तस्दीक करते हुए गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. संजय साहनी पुत्र स्व0 नारायण साहनी निवासी टिकरी नई बस्ती, थाना चितईपुर, वाराणसी उम्र 19 वर्ष।
2. विमलेश साहनी पुत्र सीताराम साहनी निवासी टिकरी नई बस्ती, थाना चितईपुर, वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 12.11.2024, सीरगेट, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग का विवरण –

1. मु0अ0सं0 0448/2024 धारा 74 बी0एन0एस थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा, चौकी प्रभारी बीएचयू, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 अच्छे लाल, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।
4. का0 फेकू वर्मा, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी